दैनिक **न्याय साक्षी**

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

रायगढ़, गुरुवार 16 जनवरी 2020

www.nyaysakshi.com



# बस्तर संभाग में मलेरियामुक्त बस्तर अभियान शुरू

## » घरों के साथ ही स्कूलों, आश्रम-छात्रावासों, पैरा-मिलेट्री कैंपों में भी मलेरिया की सघन जांच एवं त्वरित उपचार

**» महत्वापी अभियान में 1823 गांवों में घर-घर मलेरिया जांच, 1720 टीमें तैनात**







**रायपुर।** बस्तर को मलेरिया, एनीमिया और कुपोषण से मुक्त करने आज से संभाग के सातों जिलों में मलेरियामुक्त बस्तर अभियान शुरू हुआ। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घरों के साथ ही स्कूलों, आश्रम-छात्रावासों और पैरा-मिलेट्री कैंपों में जाकर मलेरिया की जांच की। एक माह तक चलने वाले इस महत्वाकांक्षी अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम पौने तीन लाख से अधिक घरों में पहुंचेगी और करीब 14 लाख लोगों के खून की जांच कर मलेरिया पाए जाने पर त्वरित इलाज उपलब्ध कराएगी। तत्काल इलाज शुरू करने के बाद मरीजों का फॉलो-अप भी किया जाएगा। तीन चरणों में संचालित किए जाने वाले इस अभियान का यह पहला चरण है। बस्तर संभाग के 26 विकासखंडों में यह गहन अभियान संचालित किया जा रहा है। दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर जिले के सभी विकासखंडों में तथा बस्तर जिले के बड़े किलेपाल, तोकापाल व दरभा विकासखंड के पूरे क्षेत्र में व लोहंडीगुड़ा, नानगूर और बस्तर विकासखंड के 15 उपस्वास्थ्य केंद्रों में, कांकेर के भानुप्रतापपुर, दुर्गकोंदल और कोयलीबेड़ा के 10 उपस्वास्थ्य केंद्रों में एवं कोंडागांव जिले के माकड़ी, केशकाल, कोंडागांव और फरसगांव विकासखंड के 14 उपस्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान 26 विकासखंडों के कुल 430 उपस्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से एक हजार 823 गांवों में मलेरिया की पहचान और इलाज किया जाएगा।

बस्तर अंचल को मलेरिया से मुक्त करने इस अभियान का दूसरा चरण इस साल मानसून के पहले मई-जून में और तीसरा चरण मानसून के बाद साल के अंत में दिसम्बर-जनवरी में संचालित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बस्तर में मलेरिया के 64 प्रतिशत मामले अभियान में शामिल 26 विकासखंडो से ही आते हैं। इन इलाकों में मलेरिया के नियंत्रण से पूरे बस्तर को मलेरियामुक्त किया जा सकेगा।

मलेरियामुक्त बस्तर अभियान के अंतर्गत मलेरिया उन्मूलन के साथ ही एनीमिया, शिशु मृत्युदर, मातृ मृत्युदर और कुपोषण दूर करने पर भी फोकस किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक हजार 720 दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उपस्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को शामिल कर चार जांच दलों का गठन किया गया है। ये दल बस्तर के दो लाख 75 हजार 770 घरों में 13 लाख 79 हजार लोगों के बीच पहुंचकर मलेरिया की जांच करेगी। अभियान के दौरान मच्छर पनपने की जगहों की साफ-सफाई और दवाई के छिड़काव के साथ ही लोगों को मच्छरदानी के उपयोग के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कम्बाईण्ड डिफेन्स सर्विस परीक्षा 2 फरवरी को

**रायपुर (आरएनएस)।** संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित कम्बाईण्ड डिफेन्स सर्विस परीक्षा (1) परीक्षा आगामी 2 फरवरी को तीन पालियों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम पाली सुबह 9 से 11 बजे, द्वितीय पाली दोपहर 12 से 2 बजे और तृतीय पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक संचालित की जायेगी। परीक्षा के संचालन के लिए पूनम शर्मा, डिप्टी कलेक्टर को सहायक को-ऑर्डिनेटिंग सुपरवाइजर तथा के.एस. पटले को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के लिये डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डब्ल्यू आर.एस. कालोनी रायपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठपुरेना रिंग रोड नं. 1 रायपुर, श्री वामन राव लाखे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांधी चैक छोटापारा रायपुर, शहीद संजय यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला संजय नगर रायपुर एवं माधव राव सप्रे नगर निगम उच्चतर माध्यमिक शाला बूढ़ापारा रायपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### खराब स्वास्थ्य के चलते सीएम का जगदलपुर-कांकेर-धमतरी दौरा रद्द

**» सीएम की जगह मोहन मरकाम, कवासी लखमा, प्रेमसाय सिंह टेकाम, अमरजीत भगत करेंगे कार्यक्रमों में शिरकत**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अचानक अस्वस्थ्य होने के कारण उनका जगदलपुर, कांकेर, धमतरी जिले का दौरा रद्द कर दिया गया है। उनके स्थान पर अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम, मंत्री कवासी लखमा, प्रेमसाय सिंह टेकाम और अमरजीत भगत विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सूत्रों की माने तो पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम जगदलपुर, कांकेर, धमतरी में महापौर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। यहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के चलते वे दौरे पर नहीं जा रहे हैं।

### मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** वासनिक वाटिका के पास खड़ी मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार शीतला मंदिर के पास संतोषी नगर निवासी उत्तम कुमार साहू 41 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 9 जनवरी को वासनिक वाटिका व्हीआईपी रोड में अपनी मोटरसाइकिल पैशन प्लस क्रमांक सीजी 04 डीएन 2590 खड़ी किया था। किसी ने मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर लिया है।

### बंद कमरे में फांसी पर लटका मिला युवक

**» आत्महत्या या हत्या, पुलिस जांच में जुटी**

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** जिले के भटगांव थाना क्षेत्र के प्रगति वार्ड में आज एक युवक अपने घर के कमरे में फांसी पर लटका हुआ मिला। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रगति वार्ड में रहने वाला मृतक जिवेश पिता बहादुर सिंह खुंटे बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। उसके पिता सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी है। बताया जा रहा है कि जिवेश अपने घर के कमरे में फांसी पर लटका हुआ मिला। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को घटना स्थल से एक सुसाइट नोट भी मिला है जिसमें मृतक ने अपने माता-पिता से माफी मांगी है।

### मुख्यमंत्री ने दी सेना दिवस की बधाई

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय सेना के जवानों और अधिकारियों को आर्मी-डे की बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि शांति, युद्धकाल और संकट के समय वे हमारी सुरक्षा, राहत और बचाव का कार्य करते हैं। देश की निःस्वार्थ सेवा के लिए हम सब सेना के जवानों के सदैव ऋणी रहेंगे।

### पीसीसी प्रभारी पीएल पुनिया कल आएंगे राजधानी

**रायपुर(आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं कांग्रेस संचार विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया कल 16 जनवरी गुरुवार को शाम 7.15 बजे नियमित विमान सेवा द्वारा दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे। पुनिया रायपुर पहुँच कर वरिष्ठ कांग्रेस जनों से चर्चा करेंगे।

## पुलिस ने बरामद की 35 लाख की शराब



**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** पंचायत चुनाव में मतदाताओं को लुभाने तथा बांटने के लिए भारी मात्रा में रखा गया शराब का जखीरा पुलिस ने बरामद किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 35 लाख रूपए बताई जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि सारागांव पुलिस ने कोन्हापाट गांव में निर्माणाधीन मकान में रखी 792 पेटी विदेशी शराब को जब्त किया है। वहींए जब्त किए गए शराब की कीमत 35 लाख बताई गई है। पुलिस ने मौके से 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जबकि 2 मुख्य आरोपी दीपक महंत और राजेश पटेल फरार है। एक फरार आरोपी महासमुंद जिले का बताया जा रह है। इस मामले में पता चला है कि पंचायत चुनाव में बांटने के लिए शराब को संग्रहित कर रखा था। लेकिन सारागांव थाना क्षेत्र के कोन्हापाट गांव में मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शराब का जखीरा बरामद कर लिया। पुलिस आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

## 14 वन क्षेत्रपाल बने सहायक वन संरक्षक

**रायपुर (आरएनएस)।** वन विभाग में पदस्थ 14 वनक्षेत्रपालों का प्रमोशन आदेश मंगलवार को विभाग ने जारी कर दिया है। इन वनक्षेत्र्रपालों को पदोन्नति देते हुए सहायक वन संरक्षक बनाया गया है। वन विभाग से जारी पदोन्नति आदेश में जिन वनक्षेत्रपालों को सहायक वन संरक्षक बनाया गया है। उनमें एल के दुबे, उदल राम बसंत, कोमल दास धृतेश, एसए खान, मधुसूदन डोंगरे, संजय त्रिपाठी, आरके मण्डले, मिथुनचंद डाहिरे, टीआर वमा, एमके यदु, प्रहलाद यदु, प्रहलाद यादव, मनोज कुमार चद्राकर, वायके डहरिया, तथा आनंद कुदरिया का नाम शामिल है।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र कल



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र 16 जनवरी को बुलाया गया है। इस सत्र में राज्यपाल अनुसूईया उइके का अभिभाषण एवं अभिभाषण के ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

विधानसभा सचिवालय द्वारा इस विशेष सत्र को लेकर 08 जनवरी को ही अधिकारिक तौर पर अधिसूचना जारी कर दी गई थी। इस विशेष सत्र को लेकर प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने कड़ी आपत्ति जतायी है। भाजपा विधायकों ने आपत्ति जतायी है कि देश में यह पहला विधानसभा होगा जिसमें राज्यपाल के अभिभाषण के लिए एक दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। भाजपा विधायकों ने इस संबंध में राज्यपाल उइके एवं विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौपते हुए आपत्ति भी जतायी है। आपत्ति में यह मांग की गई है कि राज्यपाल का अभिभाषण हमेशा बजट सत्र के पहले दिन होता है ऐसे में इस विशेष सत्र की कार्यसूची को बजट सत्र की कार्यसूची में ही जोड़ा जाए। इधर मुख्यमंत्री निवास में आज शाम को मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में विशेष सत्र को लेकर भी चर्चा किए जाने की संभावना है।

## अवैध शराब के साथ स्कूटी सवार गिरफ्तार, 5 पेटी शराब जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** अवैध शराब की तस्करी करने की सूचना पर आबकारी विभाग ने एक्टिवा, स्कूटी में 5 पेटी देशी शराब लेकर आते एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 45 लीटर शराब जब्त की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सारागांव थाना विधानसभा निवासी अनिरूद्ध वर्मा अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एमटी 3585 में 5 पेटी देशी व मशाला शराब कुल पांच पेटी लोड कर ले जाने की सूचना पर उपायुक्त आबकारी व आबकारी उपनिरीक्षक कल्पना राठौर विक्रम सिंह, एसपी राठौर ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## छत्तीसगढ़ पुलिस और दुर्ग जिला ने जीता वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का खिताब

**बलौदाबाजार।** 19वीं सीनियर छत्तीसगढ़ राज्य अंतर जिला महिला एवं पुरूष वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का खिताब दुर्ग जिला एवं छत्तीसगढ़ पुलिस की टीमों ने जीता। पुरुष वर्ग श्रेणी में फाइनल मैच छत्तीसगढ़ पुलिस और रायपुर जिला के मध्य खेला गया। इस बेहद रोमांचक मैच में छत्तीसगढ़ पुलिस ने रायपुर जिला को तीन एक से हराकर खिताब अपने नाम किया। महिला वर्ग में दुर्ग जिला ने रायपुर को सीधे सेट में तीन जीरो से हराया।इस तरह पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार छत्तीसगढ़ पुलिस, द्वितीय पुरस्कार रायपुर जिला,तृतीय भिलाई स्टील प्लांट को एवं महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार दुर्ग जिला,द्वितीय पुरस्कार रायपुर जिला,तृतीय साई रायपुर के टीमों ने जीता। सभी विजेता टीमों को जिला कलेक्टर श्री कार्तिकेय गोयल,एस.पी श्रीमती नीतूकमल के के हाथों ट्रॉफी प्रदान किया गया। उच्च खेलों के प्रदर्शन के लिए कुछ खिलाड़ियों को विशिष्ट पुरस्कार भी प्रदान किया गया जिसमें पुरुष वर्ग में बेस्ट ब्लॉकर दीपेश सिन्हा, बेस्ट अटेकर कौशल कुमार वर्मा बेस्ट सेटर विकास सिंह,बेस्ट आलराउंडर शिखर सिंह महिला वर्ग में बेस्ट ब्लॉकर निकिता प्रधान, बेस्ट अटेकर आकांक्षा बनाकट बेस्ट सेटर रुचि जायसवाल ,बेस्ट आलराउंडर यामिनी जायसवाल को प्राप्त हुआ।

## कैबिनेट की बैठक आज शाम को मुख्यमंत्री निवास में

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक आज शाम को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में होने जा रही है। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। इस बैठक में 16 जनवरी को छत्तीसगढ़ विधानसभा का होने वाला एक दिन के सत्र को लेकर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में धान खरीदी की समीक्षा भी की जा सकती है।

**» करोड़ों का अटका भुगतान, किसान परेशान**

## को-ऑपरेटिव बैंक के लिंक फेल, सुधारने मुंबई से पहुंच रहे इंजीनियर




**कोरबा (आरएनएस)।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित कोरबा की लिंक फेल होने के कारण किसानों को उनकी धान का भुगतान नहीं हो सका है। किसान इससे परेशान हैं। एक सप्ताह से भुगतान लंबित होने के कारण आंकड़ा करोड़ में पहुंच गया है। हर स्तर पर हुए प्रयास के असफल होने पर अब सीसीएच कंपनी ने अपने इंजीनियर भेजने की मानसिकता बनाई है। मुंबई से उनकी पहुंच कोरबा होगी, तब समस्या का निराकरण होगा।

बताया गया कि इंजीनियर की टीम रायपुर पहुंच गई है। आज उसे कोरबा में उपस्थित होकर संबंधित तकनीकी बाधा को जानना होगा। इसके साथ ही उसके निराकरण के लिए आवश्यक प्रयास किये जाएंगे। तेलंगाना के हैदराबाद में सीसीएच का मुख्यालय है। सीसीएच की भूमिका अधिकांश राष्ट्रीयकृत और राज्य सरकार के अंतर्गत संचालित होने वाले बैंकों के लिए विशेष साफ्टवेयर बनाने और उक्तानुसार बैंकों की व्यवस्था चलाने के रूप में है। सीसीएच ने प्राथमिक स्तर पर आंशिक गड़बड़ी उत्पन्न होने पर मैदानी अमले को राज्यों में नियोजित कर रखा है। तकनीकी कौशल जानने वाले सीसीएच के छोटे कर्मी इन समस्याओं को हल करने की क्षमता रखते हैं। वहीं बड़े स्तर की समस्या आने पर मुंबई और महानगरों के अभियंता इसे सुलझाते हैं। कोरबा जिले में सहकारी बैंक का सर्वर एक सप्ताह से काम नहीं कर रहा है। खबर के अनुसार लिंक फेल होने के कारण भुगतान से लेकर दूसरी व्यवस्थाएं बाधित हो गई है।

## जिला चिकित्सालय मुंगेली में रेडियोलॉजिस्ट एवं एनीस्थिसिया विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों की होगी संविदा भर्ती

**16 जनवरी से आवेदन पद आमंत्रित**

**मुंगेली (आरएनएस)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे द्वारा जिले में आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। उन्होने जिला खनिज न्यास निधि से रेडियोलॉजिस्ट एवं एनीस्थिसिया विशेषज्ञ के एक-एक पद पर विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों की संविदा पदों पर भर्ती करने के निर्देश दिये है। निर्देश के परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने रेडियोलॉजिस्ट एवं एनीस्थिसिया विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों के संविदा पदों की भर्ती हेतु 16 जनवरी प्रातः 10.30 बजे से आवेदन पत्र आमंत्रित किये है। आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में प्रस्तुत किये जा सकते है। संविदा पदों की भर्ती कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित साक्षात्कार (वाक इन इंटरव्यू) के माध्यम से की जायेगी।

## कैंसर पीड़िता आम्रपाली ने हारमोनियम में जीता पुरस्कार

**» युवा महोत्सव आयोजन के लिए राज्य सरकार के प्रति जताया आभार**



**रायपुर।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के हिरमी निवासी और पेशे से शिक्षक आम्रपाली बनर्जी कैंसर पीड़ित होने के बावजूद हिम्मत नहीं हारी और राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में हारमोनियम प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

बनर्जी ने प्रदेश में युवा महोत्सव के अयोजन के लिए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतियोगिता के लिए उम्र मायने नहीं रखती है। उन्होंने 40 वर्ष आयु वर्ग के लिए हारमोनियम प्रतियोगिता में भाग लिया और विजयी हुईं। आम्रपाली ने बताया कि कैंसर के साथ-साथ उन्हें कमर में भी काफी तकलीफ है। हारमोनियम रियाज के लिए ठीक से बैठ नहीं पाती हैं। उसके बावजूद आम्रपाली ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने युवा महोत्सव के इस आयोजन में भाग लिया। हारमोनिययम प्रतियोगिता में उन्होंने तीनों सप्तक में छोटे-छोटे तीन टुकड़े प्रस्तुत किए। उनकी रचना को जजों ने सराहा और वे पुरस्कार भी जीती। आम्रपाली बनर्जी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को युवाओं की प्रतिभा को निखारने उन्हें मंच प्रदान करने के लिए आयोजित युवा महोत्सव के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से युवाओं को अपने हुनर को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। वहीं प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से आगे बढ़ने के लिए आत्मविश्वास पैदा होता है। इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU